# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
# लखनऊ संभाग
# सत्रांत परीक्षा हेतु सैंपल  प्रश्न पत्र (2021-22)

**कक्षा : चतुर्थ** — **अधिकतम अंक : 40**

**विषय : हिन्दी** — **अवधि : 2 घंटे**

**सामान्य निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

## पठन — अंक-5

### अपठित गद्यांश

**(क)**दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।   **(1 X 5)**



ऊँट रेगिस्तान में रहता है , जहाँ पानी की कमी है। ऊँट की कूबड़ में चर्बी का ढेर होता है जो ऊँट को बिना खाना खाए लंबे समय तक ज़िंदा रखने में मदद करता है। जब उसे खाना मिलना मुश्किल हो जाता है तो वह चर्बी के ढेर से ऊर्जा हासिल करता है।

ऊँट का मस्तिष्क तेज़ गर्मी में भी ख़ास वजह से ठंडा रहता है जबकि उसके शेष शरीर के तापमान में कोई बदलाव नहीं होता। उसके मस्तिष्क की खासियत है कि वह रेगिस्तान की चुभती गर्मी से उसके मस्तिष्क के ऊतक को बचाता है। बिना किसी नुकसान के ऊँट अपने शरीर से काफ़ी  मात्रा में तरल पदार्थ बाहर निकाल सकता है। ऊँट अपने शरीर के तरल पदार्थ का 40 प्रतिशत हिस्सा घातक होने की स्थिति में शरीर से बाहर निकाल सकता है।

प्रश्न 1) ऊँट ऊर्जा कहाँ से प्राप्त करता है ?

उत्तर ------------------------------------------------------------------

प्रश्न 2) तेज़ गर्मी में भी ऊँट के शरीर का कौन - सा भाग ठंडा रहता है ?

उत्तर ------------------------------------------------------------------

प्रश्न 3) रेगिस्तान का जहाज किसे कहते है ?

उत्तर ------------------------------------------------------------------

प्रश्न 4) ऊँट अपने शरीर से क्या बाहर निकल सकता है ?

उत्तर ------------------------------------------------------------------------

प्रश्न 5) दिए गए गद्यांश में से 'आसान' शब्द का विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए।

उत्तर ------------------------------------------------------------------------

## लेखन अंक-5
## (गद्य एवं पद्य)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** ( 1 x 1=1 )
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
प्रश्न 6) घर में बिना बुलाए आ जाने वाले चार जानवरों के नाम लिखिए ?

उत्तर-(क)________________(ख)_________________(ग)___________________(घ)__________________

**लघु उत्तरीय प्रश्न** ( 2 x 2=4)

प्रश्न 7) 'पढ़क्कू की सूझ' पाठ में मालिक यह कैसे जान लेता है कि बैल कोल्हू में घूम रहा है या नहीं?



उत्तर ------------------------------------------------------------------------

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

प्रश्न 8) हर जगह नारियल के दाम में फ़र्क क्यों था ?




उत्तर ------------------------------------------------------------------------

______________________________________________________________________

## <u>व्याकरण</u> अंक-10

**<u>अति लघु उत्तरीय प्रश्न</u> ( 1 x 10=10 )**

प्रश्न 9) शब्दों को क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए।

शरबत / लगता / ठंडा / है / अच्छा / मुझे

प्रश्न 10) दिए गए शब्दों के अर्थ अक्षरजाल में से खोजकर नीचे लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| त | र्क | शा | स्त्र | म्र |
| रा | ज | त | क | ब |
| जू | स | री | मा | धो |
| रा | ज़ | का | ल | खा |
| धो | क | म | ल | ड़ |

ढब - ________________________

गज़ब - ______________________

मंतिख - _____________________

छल - _______________________

प्रश्न 11) निम्न मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।

पसीना बहाना - _______________________________________

वाक्य - ________________________________________________________________

प्रश्न 12) लिंग बदलो।

अ) शिक्षक - ____________________

ब) छात्र - ________________________

प्रश्न 13) नीचे दिए गए वाक्य में संज्ञा शब्द पर गोला लगाए।

अ) सुरेश डोसा खा रहा है।

ब) लीला कल दिल्ली जाएगी।

प्रश्न 14) निम्न शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए।

अ) कली - ______________________

ब) किताब - ________________________

प्रश्न 15) नीचे दिए गए चित्र को पहचान कर उसका नाम लिखिए और इसमें प्रयोग होने वाले ईंधन का नाम भी लिखिए।



उत्तर अ) चित्र का नाम _________________

ब) ईंधन का नाम _________________

प्रश्न 16) नीचे दिए गए शब्द के दो अर्थ हो सकते हैं। शब्द के अलग - अलग अर्थ के अंतर को स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए।

भेंट

वाक्य - 1 ___________________________________________________________________

वाक्य - 2 ___________________________________________________________________

प्रश्न 17) निम्न शब्दों से प्रश्न बनाए।

अ) क्यों - ---------------------------------------------------------------------------

ब) कैसे - ---------------------------------------------------------------------------

प्रश्न 18) नीचे लिखे वाक्यों में सही विराम चिह्न लगाइए।

{ | ? ! }

अ) तुम बाज़ार क्यों चलोगी


ब) मैं समोसा नहीं खाता

## **सृजनात्मक लेखन** **अंक-5**

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न **(5×1 =5)**

**चित्र वर्णन**

**प्रश्न** 19) नीचे दिए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और दिए गए संकेतों की सहायता से चित्र का वर्णन अपने शब्दों में पाँच पंक्तियों में कीजिए।



**( कुआँ , बकरी , सब्ज़ी , साईकिल , लकड़ी का गट्ठर )**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

## वर्तनी अंक-5

**<u>अति लघु उत्तरीय प्रश्न</u>** **(1×5=5)**

प्रश्न 20) शुद्ध शब्द पर गोला लगाओ।

अ) सत्याग्रह सतयाग्रह

ब) कबाडी कबाड़ी

प्रश्न 21) लुप्त अक्षर लिखो।

अ) स्व ______ त्रता

ब) हानि ______ रक

प्रश्न 22) दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाइए।

अ) ना यो ज - ______________________

ब) ल गी क - ______________________

प्रश्न 23) दिए गए वाक्यांशों के लिए एक - एक शब्द लिखिए।

अ) कहानी लिखने वाला - ________________________

ब) मिट्टी के बर्तन बनाने वाला - _____________________

प्रश्न 24) चित्र पहचान कर उसका नाम लिखो।





अ) _________________________ ब) ______________________

## सुलेख अंक-5

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (5×1 =5)
**प्रश्न 25) <u>नीचे लिखी पँक्तियों को सुंदरता व शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए।</u>**

एक बार सुलेमान नाम के बादशाह आकाश में चलने वाले अपने उड़नखटोले पर बैठे कहीं जा रहे थे। बड़ी गर्मी थी। धूप से वह परेशान हो रहे थे। आकाश में उड़ने वाले गिद्दों से उन्होंने कहा कि अपने पंखों से तुम लोग मेरे सिर पर छाया कर दो। गिद्धों ने बहाना बनाते हुए कहा, " हम तो इतने छोटे - छोटे हैं। हमारी गर्दन पर पंख भी नहीं हैं। हम छाया कैसे कर सकते हैं।"

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

## **शब्दकोश**              **अंक-5**

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** (1×5=5)

प्रश्न 26) निम्नलिखित शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए।

अ) अभिनय - ____________________

ब) फ़िक्र - _______________________

प्रश्न 27) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

अ) विद्वान - ______________________

ब) गरीब - _______________________

प्रश्न 28) नीचे दिए गए वाक्यों में विशेषता बताने वाले शब्दों पर गोला लगाइए।

राजा मीठा नारियल पानी पी रहा है। वह ऊँचे पेड़ के नीचे बैठा है। राजा ने सुन्दर पोशाक पहनी है।

उसने सोने का मुकुट पहना है।

प्रश्न 29) निम्न शब्दों के तुक वाले शब्द लिखिए।

अ) हिलाया - ___________________

ब) अपने - ______________________

प्रश्न 30) नीचे दिए गए शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखो।



पानी -       ------------------                    -------------------

# उत्तर कुंजी

**अपठित गद्यांश**

उत्तर **1)** चर्बी के ढेर से
उत्तर **2)** ऊँट का मस्तिष्क
उत्तर **3)** ऊँट
उत्तर **4)** अपने शरीर के हानिकारक तरल पदार्थ
उत्तर **5)** मुश्किल

**लेखन**

**गद्य / पद्य**

उत्तर 6) चूहा , बिल्ली , बन्दर, कुत्ता , चींटी ,मकड़ी आदि ।
उत्तर **7)** बैल के गले में बंधी घंटी की सहायता से मालिक यह जान लेता है कि बैल कोल्हू में घूम रहा है या नहीं ।
उत्तर **8)** नारियल के बगीचे में उनका दाम सबसे कम था क्योंकि वहाँ वह पैदा होता था नारियल जैसे - जैसे आगे पहुँचता गया, उसमें और भी लोगो की कमाई जुड़ती गई । इसलिए हर जगह नारियल के दाम में फ़र्क था ।

**व्याकरण**

उत्तर **9)** मुझे ठंडा शरबत अच्छा लगता है ।
उत्तर **10)** ढब - तरीका
गज़ब - कमाल
मंतिख - तर्कशास्त्र
छल - धोखा
उत्तर **11)** पसीना बहाना - अर्थ = कड़ी मेहनत करना
वाक्य - छात्र अपनी सृजनात्मकता के आधार पर वाक्य बना सकते हैं ।
उत्तर **12)** अ) शिक्षिका
ब) छात्रा
उत्तर **13)** अ) सुरेश , डोसा
ब) लीला , दिल्ली
उत्तर **14)** अ) कलियाँ
ब) किताबें

उत्तर **15)** अ)अंगीठी
ब) अंगीठी में प्रयोग होने वाले ईंधन - लकड़ी , कोयला , गोबर के उपले आदि ।
उत्तर **16)** भेंट के दो अर्थ - मिलना और उपहार
वाक्य - छात्र अपनी सृजनात्मकता के आधार पर अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बना सकते हैं ।
उत्तर **17)** अ) क्यों - आप इतने खुश क्यों हैं **?**
ब) कैसे - आपने यह कार्य कैसे किया **?**
उत्तर **18)**अ) तुम बाज़ार क्यों चलोगी?

ब) मैं समोसा नहीं खाता।

**<u>सृजनात्मक लेखन</u>**

**<u>चित्र वर्णन</u> (सम्भावित उत्तर)**

उत्तर **19)**

**1.**यह चित्र गाँव का है ओर ये मन को भा जाने वाला चित्र है।

**2.**गाँव की महिलाएँ पास के कुँए से पानी भर रही है।

**3.**एक बकरी कुँए के पास घास चर रही है।

**4.**एक बच्चा साइकिल चला रहा है।

**5.**लोग अपने काम से घर को लौट रहे हैं या काम पर जा रहे हैं।

**6.**एक आदमी अपने सिर पर लकड़ी का गट्ठर ले जा रहा है।

**7.**एक आदमी अपनी सब्ज़ी की टोकरी को सिर पर रख कर जा रहा है।

**<u>वर्तनी</u>**

उत्तर 20) अ) सत्याग्रह
ब) कबाड़ी

उत्तर **21)** अ) स्वतंत्रता
ब) हानिकारक

उत्तर **22)** अ) योजना
ब) कलगी

उत्तर **23)** अ) लेखक
ब) कुम्हार

उत्तर **24)** अ) चूल्हा
ब) कड़ाही

# <u>सुलेख</u>

**उत्तर 25)** बच्चें दी गयी पँक्तियों को सुंदरता व शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखेंगे।

**<u>शब्दकोश</u>**

उत्तर **26)** अ) अभिनय - नाटक करना

ब) फ़िक्र - चिंता

उत्तर **27)** अ) विद्वान - मूर्ख

ब) गरीब - अमीर

उत्तर **28)** मीठा , ऊँचे , सुन्दर , सोने का

उत्तर **29)** अ) हिलाया - मिलाया

ब) अपने - सपने

उत्तर **30)** जल , नीर

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन (लखनऊ संभाग)

## सत्रांत परीक्षा हेतु मॉडल प्रश्न पत्र की रूपरेखा

## 2021-2022

**विषय : हिन्दी** **अधिकतम अंक : 40**

**कक्षा : IV** **समय : 2 घंटे**

| दक्षताएँ | प्रश्न | विवरण | प्रश्नों के प्रकार | कुल अंक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| पठन | 5 | अपठित गद्यांश-5 प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |
| लेखन | 3 | गद्य / पद्य | 1 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 1 | 5 |
| | | | 2 लघु उत्तरीय प्रश्न | 2 x 2 | |
| व्याकरण | 10 | व्याकरण पर आधारित प्रश्न | 10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 10 x 1 | 10 |
| सृजनात्मक लेखन | 1 | सृजनात्मक सोच पर आधारित प्रश्न | 1 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न | 1 x 5 | 5 |
| वर्तनी | 5 | वर्तनी पर आधारित प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |
| सुलेख | 1 | लेखन हेतु 5 - 6 पंक्तियाँ | 1 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न | 1 x 5 | 5 |
| शब्दकोश | 5 | शब्द भण्डार पर आधारित प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |
| कुल योग | | | 30 | 40 | |